संक्षिप्त समाचार

पोदार कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का शुभारंभ

सीमा सन्देश संवाददाता

नवलगढ़। दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट नवलगढ़ की ओर से कस्बे में संचालित सेठ जी.बी. पोदारकॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह रहे। विशिष्ट अतिथि निदेशक पी.आर. एवं आई.पी. डॉ. विनोद कुमार सैनी रहे। प्राचार्य डॉ. सत्येन्द्र सिंह ने इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को शिविर का महत्व बताते हुए सामाज के सामने एक नई छवि के रूप में अपने आप को प्रस्तुत करने पर बल दिया। निदेशक पी.आर. एवं आई.पी. डॉ. विनोद कुमार सैनी ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत समाज में सेवा के भाव का महत्व बताते हुए इस दिशा में उत्तरोत्तर समर्पित होने पर पर बल दिया। एन.एस.एस. इकाई प्रथम कार्यक्रम अधिकारी प्रो. सुधीर जांगिड़ ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा में अग्रसर रहते हुए इसकी महत्ता को बताते हुए जीवन में अपनाने पर अपने विचार प्रस्तुत किए। एन.एस.एस. इकाई द्वितीय कार्यक्रम अधिकारी प्रो. रमेश पारीक ने सात दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा स्वयंसेवकों को विस्तार से बताई। मंच संचालन प्रो. शांतिलाल जोशी ने किया।

बिटिया की घोड़ी पर बैठाकर निकाली बिंदोरी

सीमा सन्देश संवाददाता

मुकुंदगढ़। कस्बे के वार्ड 7 में कानोडिया कोठी के पास घड़सीराम गुर्जर की बेटी दीपिका की शादी के मौके पर घोड़ी पर बैठाकर डीजे के साथ बिंदोरी निकाली गई। इस अवसर पर आनंद गुर्जर,अमित गुर्जर,नीरज गुर्जर, आशीष गुर्जर,वरिष्ठ अध्यापक फूलचन्द खटाणा,विक्रम सिंह, परमेश्वर गुर्जर, कृष्णा एएनएम ,कल्पना गुर्जर ,डॉ.हिमानी खटाणा, डॉ.नीरू चंदेला, कोमल, अनिता, पिंकी ,नीलम श्रेया, हितांशी,देव,युवराज आदि परिवारजन मौजूद रहे।

मकर संक्रांति पर गौमाता की पूजा अर्चना कर खिलाया भोजन

सीमा सन्देश संवाददाता

नवलगढ़। मकर संक्रांति के मौके पर मंगलवार को कस्बे के बाघसिंह का जोहड़ नवलकुंज में सुबह सूर्य पूजन कर गौमाता की पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर जनमंगल सेवा संस्थान नवलगढ़ के अध्यक्ष ठाकुर आनन्द सिंह शेखावत ने गौमाता की पूजा कर तिल मिश्रित भोजन, गुड़, अखरोट, पिस्ता, बादाम, काजू, अंकुरित हरा मूंग, बाजरे की रोटी खिलाई। इससे पूर्व गौमाता का तिलक कर उन्होंने पूजा की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गौमाता में सभी देवताओं का वास होता है। गौमाता की पूजा अर्चना व सेवा करने से भगवान का आशीर्वाद मिलता है। घर में सुख शांति रहती है। देवताओं का वास रहता है। इसलिए मनुष्य को गौमाता की सेवा करनी चाहिए।

लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट ने झुग्गी बस्ती में मनाया मकर संक्रांति का त्योंहार

सीमा सन्देश संवाददाता

चिड़ावा। शहर मे लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट ने गोद ली गई झुग्गी बस्ती में मकर संक्रांति का त्योहार धूमधाम से मनाया। ट्रस्ट के कार्यकर्ता राधेश्याम शर्मा सुखाड़िया, ललित सोनी, राजकुमार जिसपाल और ओमप्रकाश जलेन्द्रा ने बस्ती के लोगों को पतंग, धागा, मिठाई, तिल के लड्डू, बिस्किट और बुजुर्ग महिलाओं को चप्पल तथा जूते वितरित किए। ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों को मुख्य धारा में लाना है। इसी उद्देश्य के साथ ट्रस्ट के कार्यकर्ता नियमित रूप से बस्ती में जाकर त्योहार मनाते हैं। मकर संक्रांति के अवसर पर भी उन्होंने बस्ती के निवासियों के साथ मिलकर त्योहार मनाया और मिठाइयां बांटीं।ट्रस्ट के कार्यकताओं ने बस्ती के निवासियों को मकर संक्रांति के महत्व के बारे में बताया और उन्हें त्योहार के दौरान सुरक्षा के उपायों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बस्ती के निवासियों के साथ मिलकर त्योहार के दौरान साफ-सफाई का भी ध्यान रखा। लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट चिड़ावा सनातन संस्कृति के सभी त्योहारों के अवसर पर बस्ती के भाई-बहनों के बीच जाकर बड़े धूमधाम से त्योहार मनाता है।

मकर सक्रांति पर कंबल वितरण

सुलताना। भगवान सूर्य के उत्तरायण में आने के पर्व पर दिनभर दान पुण्य का दौर चला। सुबह लोगों ने मंदिरों में दर्शन किए। उसके बाद गौशालाओं में जाकर गायों को चारा खिलाया। कस्बे में श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्थान की ओर से कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीमेंट रोड पर भामाशाह गजानंद अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, पुष्पाहास अग्रवाल, सज्जन अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल के सौजन्य से जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया।

श्री गोपाल गौशाला में मकर संक्रांति पर्व पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

डीआईजी शरद चौधरी ने भी परिवार सहित गौशाला आकर गौ सेवा की

सीमा सन्देश संवाददाता

झुंझुनूं। श्री गोपाल गौशाला में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मंगलवार को गौ भक्तों के लिए गौ सेवार्थ दिवस संयोजक अशोक केडिया के संयोजन में मनाया गया। जिसमें गौ भक्तों के लिए गौ सेवार्थ गौदान, गायों के लिए ब्रह्मपुरी (गाय रसोई), तुला दान, मीठा दलिया सवामन भोग, हरि चरी, हरी सब्जी, गुड़ एवं गाय गोद की विशेष व्यवस्था की। अल सुबह पांच बजे से देर शाम तक हवन यज्ञ का आयोजन सभी को भक्तों के लिए किया गया। जिसमें गौ भक्तों ने आहुतियां दी। गौ माता की पूजा के लिए सप्त धेनु गौ परिक्रमा व नंदी परिक्रमा की व्यवस्था का भी गौ भक्त धार्मिक लाभ उठाया। जानकारी देते हुए गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया एवं मंत्री नेमी अग्रवाल ने बताया कि मकर संक्रांति पर्व पर गौशाला को आकर्षक विद्युत सजावट से सजाया गया। जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक अशोक केडिया एवं पीआरओ डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि इसी दिवस पर चौथमल सुनिल कुमार पाटोदिया परिवार के सौजन्य से कार्यक्रम संयोजक आशीष तुलस्यान के संयोजन में गाय के गोबर की उपयोगिता पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

किया गया। जिसमें 61 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विशेषकर लड़कियों ने बड़ी संख्या और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। जिनमें भी अधिकांश संख्या छोटी बच्चियों की थी। प्रतियोगिता के निर्णायक ममता शर्मा अध्यापिक आदर्श बाल निकेतन स्कूल, पारूल अग्रवाल व्याख्याता राजकीय विद्यालय बालाजी स्टैंड एवं श्यामबिहारी शर्मा अध्यापक जीबी मोदी पब्लिक स्कूल ने अपने विवेक से निर्णय दिया। जिनमें प्रथम स्थान पर प्रियांशी राणासरिया, द्वितीय स्थान पर अस्मिता शर्मा, तृतीय स्थान पर अझिता स्वामी एवं विशेष पुरस्कार के लिए रिया तुलस्यान रही। निबंध प्रतियोगिता के प्रायोजक चौथमल सुनिल कुमार पाटोदिया के प्रदीप पाटोदिया की उपस्थिति में प्रथम विजेता को सात हजार एक सौ रूपए, द्वितीय को पांच हजार एक सौ रूपए एवं तृतीय विजेता को तीन हजार एक सौ रूपए, विशेष पुरस्कार दो हजार एक सौ रूपए नगद ईनाम एवं गौ माता का प्रतीक चिह्न दिया गया। इसी के साथ सांत्वना पुरस्कार में गौ माता का प्रतीक चिह्न सभी प्रतिभागियों को दिया गया। इस वर्ष गौशाला परिसर में गौ भक्तों द्वारा प्रसाद की (गुलगुला पकौड़ियों) की विशेष व्यवस्था भी आगंतुक गौ भक्तों के लिए सुबह से रात तक की गई। झुंझुनूं एसपी डीआईजी शरद चौधरी ने भी अपने सुपुत्र वरुण चौधरी के साथ गौशाला आकर गौशाला का अवलोकन किया एवं अपने हाथों से गौवंश को गुड़ खिलाकर गौ सेवा की। इस अवसर पर गौशाला प्रबंधन की ओर से उनको दुपट्टा ओढाकर गौ माता का प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत अभिनंदन भी किया गया। मकर संक्रांति पर्व पर अशोक भीमसरिया, योगेंद्र तुलस्यान सुपुत्र स्व. सुभाष तुलस्यान, पवन टीबड़ा सुपुत्र प्रभुदयाल मुंबई, बनवारीलाल जालान सीता देवी जालान एवं मनोज कुमार सिंघानिया सुपुत्र राजेंद्रप्रसाद सिंघानिया (हलवाई) कोलकात्ता द्वारा गोदान किया गया। गौवंश को ब्रह्मपुरी गाय रसोई स्व. चंचलदेवी तुलस्यान धर्मपत्नी पवन तुलस्यान, सांवरमल खेतान, सत्यनारायण जालान परिवार अहमदाबाद मुंबई एवं संतकुमार पंसारी लुधियाना द्वारा लगवाई गई। इस अवसर पर गौशाला अध्यक्ष प्रमोद खंडेलिया, मंत्री नेमी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजकुमार तुलस्यान, कार्यक्रम संयोजक अशोक केडिया, आशीष तुलस्यान, ताराचंद गुप्ता भोड़कीवाला, डॉ. डीएन तुलस्यान, संजय राणासरिया, श्रीगोपाल हलवाई, मातादीन टीबड़ा, अशोक भीमसरिया, बंजरगलाल बड़ागांववाला, प्रहलाद अग्रवाल, पुनित तुलस्यान, आनंद टीबड़ा, विपिन राणासरिया, संपत चुड़ैलेवाला, प्रदीप पाटोदिया, नारायण जालान सहित अन्य गौ भक्त बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

चिड़ावा नगरपालिका ने कचरा संग्रहण को बनाया स्मार्ट!

सीमा सन्देश संवाददाता

चिड़ावा। शहर कि नगरपालिका चिड़ावा ने कचरा संग्रहण व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए एक नया कदम उठाया है। नगरपालिका ने वीवॉयस लैब्स प्रा.लि. जयपुर के साथ करार किया है। इस करार के तहत सभी सफाई वाहनों में जीपीएस सिस्टम लगाया जाएगा। इसके साथ ही, हर घर में रेडियो ट्रैकिंग डिवाइस लगाए जाएंगे।यह डिवाइस पूरी तरह निःशुल्क होगा और इसे नगरपालिका स्टोर प्रभारी दीपक कुमार (मो.नं. 9783918913) व राजकुमार शर्मा (मो.नं. 7891841002) से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।जीपीएस सिस्टम के माध्यम से नगरपालिका अधिकारी यह सुनिश्चित कर सकेंगे कि सफाई वाहन निर्धारित समय पर निर्धारित मार्ग पर चल रहे हैं या नहीं। वहीं, रेडियो ट्रैकिंग डिवाइस से यह पता चल सकेगा कि कचरा संग्रहण का कार्य नियमित रूप से हो रहा है या नहीं।नगरपालिका अधिशासी अधिकारी रोहित कुमार मील ने बताया कि इस नई व्यवस्था से नगरपालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में काफी सुधार होगा और नागरिकों को बेहतर सफाई सेवाएं मिलेंगी।

स्वामी विवेकानन्द ने मानवमात्र की सेवा की, सीख दी : शेखावत

सीमा सन्देश संवाददाता

नवलगढ़। सामाजिक एवं साहित्यिक चेतना संस्था की ओर से कस्बे के बाघसिंह का जोहड़ नवलकुंज के यज्ञ भवन में स्वामी विवेकानन्द के जन्म दिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष ठाकुर आनन्द सिंह शेखावत ने कहा कि स्वामी रामकृष्ण परमहंस के शिष्य स्वामी विवेकानन्द दुनिया के महापुरुषों में एक उज्जवल ज्योति पुंज है। जो अपने व्यक्तित्व की दीप्ति से प्रकाशमान है। उन्होंने भारतवाशियों में सेवाभाव की ज्योति जगाई तथा जनकल्याण को जीवन के आचरण में ढाला। मनुष्य को मर्यादित जीवन प्रदान करने के कर्मयज्ञ में स्वयं को प्रवृत रखा। विदेश जाकर लोगों को अध्यात्म ज्ञान का दान दिया। उन्होंने ब्रह्म विद्या का प्रचार किया। विदेशी चिंतन पद्धति पर भारतीय अध्यात्मज्ञान की विजय स्थापित की। इंग्लेण्ड आदि देशों में उनका विशेष स्वागत हुआ। उन्होंने समझाया कि मानवता सत्य के ही प्रकाश में विकसित हो सकती है। सत्य सनातन है। सत्य प्रकाश प्रदान करता है, चेतनता और स्फूर्ति का सृजन करता है। स्वामी विवेकानन्द

ने मानवमात्र की सेवा की सीख दी। विदेशों में बुद्ध और ईसा के रूप में उनके दर्शन किए। स्वामी विवेकानन्द के साथ ये श्रेय खेतड़ी राजा अजीत सिंह को जाता है। जिन्होंने अपने गुरू को धनराशि के रूप में मदद कर विश्व में प्रकाशित करा दिया भारतय अध्यात्मज्ञान। अजीतसिंह के सद्व्यवहार ने अपने भाईपे के रजवाड़ों में इन्हें लोकप्रिय बना दिया था। सीमा पर लगता नवलगढ़, मुकुन्दगढ़, दक्षिण में लगता उदयपुरवाटी का चिंचड़ौली सेफरागुवार। इनसे इतनी घनिष्ठता थी कि तत्कालीन चिंचड़ौली राजघराने के चांदसिंह उनके मुख्य सलाहकार और श्रेष्ठतम मित्रों में से थे। उन्हीं की सलाह से शासन सलाहकर के रूप में कायस्थ परिवार को बसाया। इनकी इष्टदेवी बाराही माता का मंदिर बनाया। उनका सुशासन इतना विकसित हुआ कि जयपुर राजघराने के हर कार्य में इनकी सलाह ली जाती थी परिणाम स्वरूप खेतड़ी हाउस का निर्माण हुआ। विस्तार में पंचपानों में सबसे बड़ा ठिकाना की मान्यता के साथ राजा की पदवी मिली। राजा अजीतसिंह प्रजापालक, प्रजा में अपुत्री का पुत्र, अनाथ का नाथ और निर्धन का धन थे। पर्यावरण, वन संरक्षण, वन्य पशुओं के संरक्षण, संवर्द्धन, वन्य क्षेत्रों के पहाड़ों पर दुगार्माता के मंदिर जहां से वन्य क्षेत्रों की समृद्धि, हिंसक जानवरों को दखने का चाव और भाव था। ऐसे अवसर पर चिंचड़ौली के चांदसिंह उनके साथ रहते थे। उनकी सलाह से राजा अजीत सिंह ने मावन्डा तक चौड़ी सडक का निर्माण कर करवाया और रोड के दोनों तरफ पौधे लगवाए।

चिंचड़ौली रकबा सडक मार्ग से सटा हुआ है। रजवाड़े समाप्त हुए। रियासतों ने भारत के एकीकरण के लिए चिर स्मरणीय सरदार पटेल की बात स्वीकार की। सन् 1962 तक ये पेड़ राजा अजीतसिंह की याद दिलाते रहे। अजीतसिंह का सद्व्यवहार था। ऐसा सद्वर्ताव था कि अंतिम राजा सरदार सिंह जो आईएफएस थे और राजदूत के रूप में उनकी नियुक्ती लाओस हुई।

संत कुंभनाथ दरबार बरसोदी महोत्सव पर विशाल भजन संध्या आज

सीमा सन्देश संवाददाता

मुकुंदगढ़। कस्बे के आराध्य संत कुंभनाथ दरबार की पुण्यतिथि पर बरसोदी महोत्सव के तहत कामाक्षा मां शैलेंद्र बाबा कामधेनु सेवा संस्थान ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रहे पांच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम के तहत बुधवार रात को विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। दरबार के समाधि स्थल ब्रह्म बगीची में इस उपलक्ष्य में महंत अघोरी बाबा शैलेंद्र नाथ महाराज के सानिध्य में बुधवार से दो दिवसीय निशुल्क इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा शिविर का भी शुभारंभ होगा। शिविर संयोजक घनश्याम शर्मा ने बताया कि शिविर में डॉ. नंदकिशोर कुमावत, डॉ. आरएन वर्मा,डॉ आरपी पलसाना, डॉ. दिलीप सिंह बुडानिया, डॉ. एमआर सोनी,डॉ धर्मवीर समेत अनुभवी डॉक्टर्स की टीम सेवाएं देगी।

शाम सात बजे से सिद्धश्री पूरनाथ महाराज जसनाथ आश्रम बाड़मेर द्वारा विश्व प्रसिद्ध अग्नि नृत्य का कार्यक्रम होगा। रात को साधु संतों के सानिध्य में विशाल भजन संध्या होगी।

एनसीसी यूनिट ने सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक दिवस मनाया

सीमा सन्देश संवाददाता

पिलानी। इंद्रमणि मंडेलिया शिक्षा निकेत महाविद्यालय, पिलानी में 14 जनवरी 2025, मंगलवार को सशस्त्र सेवा भूतपूर्व सैनिक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कहा की सेवा में अपनी सेवा देना और देश की रक्षा करने का सौभाग्य प्राप्त करना अपने आप में गौरव का विषय है हमारे तीनों सेनाओं के भूतपूर्व सैनिक अपनी सेवा निवृत्ति के पश्चात भी एक स्वस्थ समाज और सुदृढ़ देश बनाने में अपनी भूमिका निभाते हैं। महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रिटायर्ड कैप्टन विजेंद्र सिंह जी शेखावत में सेना के अपने अनुभवों को साझा किया एवं बताया भारत के पहले कमांडर इन चीफ के एम करिअप्पा की सेवानिवृत्ति एवं देश के लिए किए गए उनके अतुलनीय योगदान को याद रखने के लिए सन 2016 से यह दिवस मनाया जाना प्रारंभ किया गया था।

एन सी सी अधिकारी लेफ्टिनेंट कैलाश चंद सैनी ने बताया कि इस अवसर पर कैडेट्स ने ड्रिल , पोस्टर तथा भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया और देश सेवा की शपथ ली।

भटिंडा-जयपुर ट्रेन का संचालन फिर शुरू

चिड़ावा। भटिंडा-जयपुर ट्रेन का संचालन लंबे समय के बाद आज से फिर शुरू हो गया है। दैनिक रेल यात्री संघ के अध्यक्ष देवेन्द्र वर्मा ने जानकारी दी कि यह ट्रेन अब नए नंबर 54703/04 के साथ चिड़ावा, झुंझुनू और सीकर होते हुए चलेगी। ट्रेन दोपहर 12:15 बजे चिड़ावा रेलवे स्टेशन पर पहुंची।

भापर को नई ग्राम पंचायत बनाने को लेकर ग्रामवासियों की हुई बैठक

सीमा सन्देश संवाददाता

सूरजगढ़। पंचायत समिति क्षेत्र सूरजगढ़ की ग्राम पंचायत काजड़ा के राजस्व ग्राम भापर को नवीन ग्राम पंचायत बनाने की कवायद शुरू हो गई है। मकर संक्रांति के दिन भापर, कुम्हारों का बास, भोजाराम की ढाणी, नाथजी का कुआं व कालीरावणों की ढाणी को मिलाकर भापर को नवीन ग्राम पंचायत बनाने को लेकर ग्रामवासियों की बैठक हुई। आदर्श समाज समिति इंडिया के अध्यक्ष धर्मपाल गांधी ने बताया कि बैठक में मौजूद सभी लोगों ने सर्व सहमति से भापर को नई ग्राम पंचायत बनाने का प्रस्ताव पारित किया। इस मौके पर वर्तमान पंचायत प्रतिनिधि मनजीत सिंह तंवर भी मौजूद रहे। वर्तमान सरपंच मंजु तंवर ने भी भापर को नई पंचायत बनाने में ग्राम पंचायत की ओर से सहमति प्रस्ताव पारित किया है। बैठक में भापर को नई ग्राम पंचायत बनाने को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई।

pnb Housing Finance Limited Ghar Ki Baat

परिशिष्ट -IV-A अचल सम्पत्ति/यों की ई-नीलामी-सार्वजनिक बिक्री सूचना

प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन नियम, 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

पंजीकृत कार्यालय : नोवा तल, अंतरिक्ष भवन, 22, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110 001 फोन : 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट : www.pnbhousing.com

शाखा कार्यालय : ए-10, प्रथम तल, भगत सिंह कॉलोनी, अलवर बाइपास, भिवाड़ी-301019, राजस्थान, शाखा कार्यालय : 59, यूडीबी टॉवर्स, प्रथम तल, जयपुर नगर निगम के सामने, टोंक रोड, जयपुर-302015

यहां जनसामान्य को एवं विशेष रूप से कॉलम नं.-ए में दिए गए ऋणधारक(ों) व जमानतदार(ों) को सूचित किया जाता है कि कॉलम नं. डी में वर्णित नीचे उल्लेखित अचल सम्पत्ति(यां) सुरक्षित लेनदार के बंधक/प्रभार में हैं, का रचनात्मक/भौतिक कब्जा (कॉलम नं.-सी में विवरण के अनुसार) **मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड /सुरक्षित लेनदार** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, को नीचे उल्लेखित विवरण के अनुसार **''जैसा है जहां है, जो भी वहां है और वहां जो भी है के आधार पर''** विक्रय किया जाएगा। यहां प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 अद्यतन तिथि को संशोधित के नियम 8(6) व 9 के अधीन ऋणधारक(ों)/बंधककर्ता(ओं)/विधिक वारिसों/विधिक प्रतिनिधि,(जो भी ज्ञात या अज्ञात), ऋणधारकों/बंधककर्ता(ओं)(मृतक के बाद से) के निष्पादक(ों), प्रशासक(ों), उत्तराधिकारी(यों),संपत्ति-भागी(यों) मामले में कॉलम नं.-ए में दिखाए अनुसार को सूचित किया जाता है। विक्रय के विस्तृत नियम व शर्तों के लिए कृपया **मैसर्स पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड सुरक्षित देनदार** की वेबसाइट यथा **www.pnbhousing.com** में दिए लिंक पर जाएं।

ऋण संख्या/ऋणधारक/सह-ऋणधारक/जमानतदार(ों)/विधिक उत्तराधिकारियों का नाम (ए)	मांग राशि व तिथि (बी)	कब्जे का प्रकार (सी)	बंधक सम्पत्तियों का विवरण (डी)	आरक्षित मूल्य (आरपी) (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (जी)	बोली वृद्धि दर(एच)	निरीक्षण की दिनांक व समय (आई)	नीलामी की तिथि व समय (जे)	ज्ञात भार/कोर्ट केस यदि कोई हो (के)
HOU/JPR/1119/758575 पंकज कुमार/संतोष कुमारी बी.ओ. : जयपुर	दिनांक 14.06.2022 के अनुसार रु. 26,57,401.35	भौतिक	फ्लैट नं. एस 101, द्वितीय तल, प्लॉट नं. 23 शिव, शक्ति विहार, ग्राम सुखिया, मांगानेर, जयपुर, राजस्थान, भारत, 302023	रु. 20,37,000/-	रु. 2,03,700/-	30.01.2025	रु. 10,000/-	20.01.2025 प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.30 बजे के बीच	31.01.2025 दोपहर 2.00 बजे से सायं 3.00 बजे	*शून्य/ज्ञात नहीं
NHL/BHI/0715/232800, NHL/BHI/0316/275482 राम निवास भंडारी/वीना भंडारी बी.ओ. : भिवाड़ी	दिनांक 16.03.2023 के अनुसार रु. 3,83,813.57	भौतिक	टॉवर कैपिटल हाई स्टीट, जी-जीएफ/06, कैपिटल हाई स्टीट, प्लॉट सं. ए-56 और ए57, इंडस्ट्रीयल एरिया भिवाड़ी, अलवर, राजस्थान 301019, भारत. अधिमापन 303 स्क्वेयर फीट	रु. 9,62,000/-	रु. 96,200/-	30.01.2025	रु. 10,000/-	20.01.2025 प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.30 बजे के बीच	31.01.2025 दोपहर 2.00 बजे से सायं 3.00 बजे	*शून्य/ज्ञात नहीं
HOU/BHI/0517/389253 दिनेश नय्यर/सुमन नय्यर बी.ओ. : भिवाड़ी	दिनांक 21.02.2022 के अनुसार रु. 9,31,094.19	भौतिक	टॉवर-मेरीगोल्ड, ओएमपीबी/द्वितीय/204, ओमेक्स पैनोरमा सिटी होम्स-मेरीगोल्ड टॉवर, भिवाड़ी, अलवर, राजस्थान-301019, भारत, अधिमापन 410 स्क्वेयर फीट	रु. 5,08,000/-	रु. 50,800/-	30.01.2025	रु. 10,000/-	20.01.2025 प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.30 बजे के बीच	31.01.2025 दोपहर 2.00 बजे से सायं 3.00 बजे	*शून्य/ज्ञात नहीं
HOU/BHI/0617/404060 जितेन्द्र सोनी/शान्ति देवी बी.ओ. : भिवाड़ी	दिनांक 12.07.2021 के अनुसार रु. 13,27,012.56	भौतिक	फ्लैट नं. 516, टीएफ, ब्लॉक-यू, ग्रेहान हिल व्यू गार्डन, गांव- ठाड़ा, भिवाड़ी, तह. तिजारा, भिवाड़ी, अलवर, राजस्थान-301019, भारत, अधिमापन 740 स्क्वै. फीट	रु. 8,39,000/-	रु. 83,900/-	30.01.2025	रु. 10,000/-	20.01.2025 प्रातः 10.00 बजे से सायं 5.30 बजे के बीच	31.01.2025 दोपहर 2.00 बजे से सायं 3.00 बजे	*शून्य/ज्ञात नहीं

*इसके भुगतान और/या वसूली की तिथि तक आगामी ब्याज @18% प्रतिवर्ष जैसा लागू हो, आकस्मिक खर्चों, लागत, प्रभारों आदि सहित। **पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी की समग्र जानकारी व ज्ञान के अनुसार उक्त उल्लेखित अचल/सुरक्षित आस्तियों पर कॉलम नं.-के में क्या खुलासा है को छोड़कर कोई अन्य भार/दावे नहीं है। आगे कुछ भारों को सफल क्रेता/बोलीदाता को अपने द्वारा वहन/अदा किया जाना है। भावी क्रेता(ओं)/बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे स्वतंत्र रूप से उल्लेखित भारों की सच्चाई की जांच कर लें।

1. कॉलम-के में उल्लेखित स्थिति के अनुसार इस तिथि पर, पीएनबीएचएफएल/पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी पर उक्त अचल सम्पत्तियों/सुरक्षित आस्तियों के विक्रय, हस्तांतरित और/या निपटाने पर कोई निषेध आदेश और/या न्यायालय निषेधाज्ञा नहीं है। 2. भावी क्रेता/बोलीदाता और इच्छुक पार्टियां स्वतंत्र रूप से इस मामले में हुई कार्यवाही/पारित आदेशों आदि का निरीक्षण कर सकती हैं, यदि कोई, कॉलम नं.-के में उल्लेख सहित, इस संबंध में पीएनबीएचएफएल के पास उपलब्ध दस्तावेजों के स्वामित्व तक सीमित नहीं और बोली प्रपत्र के साथ नीलामी की शर्तों व नियमों को हस्ताक्षरित करने या निविदा/बोली आवेदन प्रपत्र या प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने से पूर्व बोलीदाता सभी मामलों में स्वयं को संतुष्ट कर लें। बोलीदाता बोली प्रपत्र के साथ संलग्न नीलामी की शर्तों व नियमों को हस्ताक्षरित करेंगे। 3. कृपया नोट करें प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(3) की शर्तों में, बोलीदाता(ओं)/क्रेता विधिक तौर पर विक्रय राशि का 25 प्रतिशत (बयाना राशि, सहित) उसी दिन या अगले कार्यदिवस से बिलम्ब नहीं, जमा करवाने के लिए विधिक रूप से बाध्य हैं। सुरक्षित लेनदार द्वारा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(2) के अनुसरण में विक्रय मूल्य की 25% राशि प्राप्त होने पर केवल बोलीदाता के पक्ष में विक्रय की पुष्टि की जा सकती है। विक्रय स्वीकृति राशि का शेष 75% क्रेता द्वारा विक्रय पुष्टि पत्र प्राप्त होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करवाना होगा और इसमें चूक होने पर विक्रय पुष्टि पत्र में उल्लेखित 15 दिवसीय अनिवार्य अवधि की समाप्ति तिथि से 15 दिवसीय की अवधि में विक्रय स्वीकार्यता राशि का हिस्सा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जब्त कर लिया जाएगा और सरफेसी एक्ट के प्रावधानों के अनुसार सम्पत्ति/सुरक्षित आस्ति पुनः बेची जाएगी। 4. मैसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ई-नीलामी से बिक्री आयोजित करने में प्राधिकृत अधिकारी का सहयोग करेगी, जिसका कॉर्पोरेट कार्यालय प्लॉट नं. 68, तृतीय तल, सेक्टर 44, गुड़गांव, हरियाणा 122003, वेबसाइट - www.bankeauction.com है, सम्पत्ति के निरीक्षण या बोली प्रपत्र प्राप्त करने और किसी भी अन्य पूछताछ या पंजीयन के लिए किसी सहायता हेतु आप पीएनबीएचएफएल के प्राधिकृत व्यक्ति श्री अश्विनी कुमार शर्मा टोल फ्री : 1800 120 8800 और ईमेल: auction@pnbhousing.com, से समन्वय कर सकते हैं या www.pnbhousing.com पर जा सकते हैं।

स्थान : भिवाड़ी,जयपुर, तिथि : 14.01.2025

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

Hero Housing Finance

हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : 09, कम्यूनिटी सेंटर, बसंत लोक, वसन्त विहार, नई दिल्ली- 110057
शाखा कार्यालय : कार्यालय सं. 402, चौथा तल, आम्रपाली प्लाजा, आम्रपाली सर्किल, वैशाली नगर, जयपुर, राजस्थान-302021

सार्वजनिक सूचना (अचल सम्पत्ति के विक्रय के लिए ई-नीलामी)

(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के अन्तर्गत)

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों के पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन हीरो हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड (सुरक्षित लेनदार) के साथ बंधक अचल सम्पत्तियां के विक्रय के लिए सूचना

जन सामान्य तथा विशेष रूप से निम्नलिखित ऋणधारकों(ों) और जमानतदार(ों) या उनके विधिक वारिसों/प्रतिनिधियों को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लेखित अचल सम्पत्तियां जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी/प्रभार में है, का कब्जा **हीरो हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड(सुरक्षित लेनदार)**, के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, को नीचे उल्लेखित ऋणधारकों व सह-ऋणधारकों और जमानतदारों से बकाया की वसूली के लिए **'जो है जहां है', 'जैसा है जो है' तथा 'जो भी वहां है' के आधार पर 31 जनवरी 2025 (ई-नीलामी तिथि)** को विक्रय किया जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि जमा का उल्लेख नीचे है। सार्वजनिक ई-नीलामी में भाग लेने के लिए डिमांड ड्राफ्ट/आरटीजीएस/एनईएफटी द्वारा हीरो हाउसिंग फाइनेंस लि. के प्राधिक